हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 9 मई 2024

नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा

04 राज्य और संभागीय स्वास्थ्य दल पहुंचा गांव...



07 लापरवाहीः बदबू मार रहे मंडी के शौचालय...



### 307 मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण मतदान संपन्न, आगर विधानसभा में 13 मई को होगा मतदान

# लोकसभा चुनावः जिले की विधानसभा सुसनेर में 75.54 प्रतिशत मतदान हुआ





हरिभूमि न्यूज ⏭ आगर-मालवा/नलखेड़ा

लोकसभा निर्वाचन-2024 अन्तर्गत लोकसभा संसदीय क्षेत्र राजगढ़ के विधानसभा क्षेत्र सुसनेर में जिला प्रशासन की चाक-चौबंद व्यवस्थाओ के मध्य मगंलवार को 307 मतदान केन्द्रों पर शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न हुए। क्षेत्र के सभी युवा, बुजूर्ग, दिव्यांग, महिला-पुरूष मतदाताओं ने अपनी नैतिक जिम्मेदारी निभाई, जिससे विधानसभा सुसनेर में 75.54 प्रतिशत मतदान हुआ।

विधानसभा सुसनेर में पुरूष मतदान 79.80 प्रतिशत एवं महिला मतदान 71.03 प्रतिशत रहा। सभी मतदान केन्द्रों में सुबह 7 बजे से मतदान प्रारंभ हुए, पहले दो घंटे में प्रातः 9 बजे तक 18.70 प्रतिशत मतदान, प्रातः 11 बजे तक 37.20 प्रतिशत मतदान, दोपहर 1 बजे 53.02 प्रतिशत मतदान, अपरान्ह 3 बजे तक 63.20 प्रतिशत मतदान, अपरान्ह 5 बजे तक 72.50 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं में मतदान को लेकर अपार उत्साह देखा गया, महिला-पुरूष सभी ने बढ़-चढ़कर लोकतंत्र के महायज्ञ में अपने मतों की आहुति देकर अपने नैतिक कर्तव्य का निर्वहन किया। प्रातः समय से ही मतदाता लम्बी-लम्बी कतारों में लगकर मतदान करते दिखाई दिये। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह, एसपी विनोद कुमार सिंह, जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर द्वारा सतत मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर मतदान प्रक्रिया का जायजा लिया गया।

### दोपहर के समय मतदाताओं को ठंडी छाछ का वितरण

विधानसभा सुसनेर के 307 मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं के लिए शीतल पेयजल, छांव, दवाईयां की व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा की गई है। साथ ही गर्मी को देखते हुए नगरीय निकाय के मतदान केन्द्रों पर दोपहर के समय ठंडी छाछ का वितरण भी मतदाताओं को किया गया।



### लक्की ड्रॉ में चयनित मतदाताओं को मिलेगा आकर्षक इनाम

लोकसभा निर्वाचन-2024 में विधानसभा क्षेत्र सुसनेर में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह व जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर के मार्गदर्शन में नवाचार के रूप लक्की ड्रॉ प्रतियोगिता का आयेजन मतदान केन्द्रों पर किया गया। प्रतियोगिता अन्तर्गत प्रत्येक मतदान केन्द्रों पर प्रथम 100 मतदाताओं की नाम की पर्ची को लक्की ड्रॉ में शामिल करते हुए 03 मतदाता का चयन किया गया। इन मतदाताओं को जिला प्रशासन द्वारा आकर्षक इनाम दिया जाएगा।

### मतदान प्रतिशत बढ़ाने में इनका रहा विशेष सहयोग

विधानसभा क्षेत्र सुसनेर में मतदान प्रतिशत बढ़ाने सभी का समन्वित प्रयास रहा है। विशेषकर स्वीप अध्यक्ष जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, स्वीप नोडल ओपी विजयवर्गीय, पीओ डूडा पवन कुमार फूलफकीर, महिला बाल विकास अधिकारी, सभी स्वीप पार्टनर, नगरीय निकायों के सीएमओ, जनपद सीईओ समस्त आंगनवाड़ी व आशा कार्यकर्ता, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग का मैदानी अमला, बीएलओ, सभी बूथ अवेयरनेस ग्रुप का विशेष प्रयास रहा है।

### 13 मई को आगर विधानसभा में होगा मतदान

विधानसभा क्षेत्र सुसनेर के मतदाताओं ने मतदान के महापर्व में बढ़-चढ़कर अपना योगदान दिया, जिससे विधानसभा में रिकार्ड मतदान दर्ज हुआ। अब विधानसभा आगर के मतदाताओं की बारी है, लोकसभा संसदीय क्षेत्र देवास के विधानसभा क्षेत्र आगर में चौथे चरण में 13 मई को प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। क्षेत्र के मतदाता मतदान की तारिख भूले नहीं, अपने सारे काम छोड़कर पहले मतदान कर, मतदान प्रतिशत में जिले का अव्वल लाकर गौरान्वित करें।

## गंदगी के कारण नदी और घाट खो रहे सौंदर्य



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मां बगलामुखी मंदिर के पीछे स्थित लखुंदर नदी में व्याप्त गंदगी के कारण नदी एवं घाट अपना सौंदर्य खो रहे हैं। यहां प्रतिदिन देशभर से सैकड़ों भक्त माता रानी के दर्शन उपरांत नदी की नैसर्गिकता एवं सौंदर्य निहारने पहुंचते हैं। लेकिन व्याप्त गंदगी के कारण नाक सिकुड़ते हुए वापस चले जाते हैं।

मां बगलामुखी मंदिर को धार्मिक पर्यटन केंद्र बनाए जाने के बाद पर्यटन विकास निगम द्वारा लखुंदर नदी के किनारों पर आकर्षक घाटों का निर्माण करवाया गया था। ताकि दर्शनार्थ पहुंचने वाले भक्त नदी किनारे बैठकर यहां की नैसर्गिकता और सौंदर्य का आनंद ले सकें। लेकिन कुछ वर्षों पूर्व नदी के उफान पर आने पर घाट पर लगे लाल पत्थर कई स्थानों से उखड़ गए थे जिन्हें आज तक नहीं लगवाया गया है।

गर्मी के इस मौसम में वर्षों बाद मां बगलामुखी मंदिर के पीछे बने स्टॉप डेम में थोड़ा बहुत पानी दिखाई दे रहा है। ऐसे में शाम ढलने के बाद मंदिर पर आने वाले दर्शनार्थी नदी के किनारों पर बैठकर ठंडी हवाओं के साथ सौंदर्य का आनंद लेने भी पहुंच रहे हैं। लेकिन नदी के पानी के ऊपर जमी काई, स्टॉप डेम के प्लेटफार्म पर जमी कज्जी एवं नदी किनारे व्याप्त गंदगी के कारण उठने वाली बदबू के चलते यहां पहुंचने वाले भक्त अपनी नाक सिकुड़ते हुए उल्टे पैर लौट जाते हैं।

घाटों व उसके आसपास व्याप्त गंदगी को देखते हुए कुछ दिनों पूर्व एक सामाजिक संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा यहां सफाई अभियान भी चलाया था। अब स्थानीय प्रशासन व जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देकर नदी, नदी के किनारों व घाटों की समुचित सफाई करवाई जाना चाहिए ताकि देश के अन्य स्थानों से आने वाले भक्त यहाँ के बारे में अपने मन मे अच्छे विचार लेकर जा सके।

## बीएजी की बैठक 9 मई को

**आगर-मालवा।** लोकसभा निर्वाचन-2024 में नैतिक एवं निष्पक्ष मतदान तथा मतदाताओं को जागरूक किए जाने के लिए बूथ अवेयरनेस ग्रुप (बीएजी) की बैठक 9 मई को दोपहर 12 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित होगी। जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर ने जनपद पंचायत आगर के सभी बीएलओ, आगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं समस्त ग्राम पंचायत सचिव, सहायक सचिव उक्त बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

## 'पलायन करने वाले मतदाताओं के परिवारजनों से संपर्क करें'

हरिभूमि न्यूज ⏭ आगर-मालवा

लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत लोकसभा संसदीय क्षेत्र देवास के विधानसभा क्षेत्र आगर (अजा) में 13 मई को सुबह 7 बजे से सायं 6 बजे तक मतदान होंगे। विधानसभा क्षेत्र का प्रत्येक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करे। इसके लिए विधानसभा क्षेत्र में 9 से 12 मई के मध्य विविध स्वीप गतिविधियां संचालित कर मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा।

सीईओ जिला पंचायत हरसिमरनप्रीत कौर ने बताया कि 09 मई को विधानसभा क्षेत्र में पलायन करने वाले मतदाताओं के परिवारजनों से संपर्क, घर-घर जाकर मतदाता पर्ची एवं वोट अपील पम्पलेट का वितरण तथा पीले चावल देकर मतदाताओं को मतदान के लिए आंमत्रित किया जाएगा। 10 मई को बूथ अवेयरनेस ग्रुप के माध्यम से बूथ लेवल पर नैतिक मतदान की शपथ एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया जाएगा। 11 मई को प्रत्येक बूथ के क्षेत्र में मुनादी के माध्यम से मतदान दिनांक का प्रचार-प्रसार किया जाएगा तथा 12 मई को मतदान आमंत्रण पत्रों का वितरण एवं जिला निर्वाचन अधिकारी एवं स्वीप अध्यक्ष की मतदान अपील का व्हाट्सअप मैसेज गुरप के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाया जाना है। स्वीप गतिविधियां का आयोजन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, नगरीय निकायों के सीएमओ एवं परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से मैदानी अमले द्वारा किया जाएगा।

## संत शिरोमणि सेन महाराज का समाजजनों ने मनाया जन्मोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ आगर मालवा

सर्वसेन समाज ने संत शिरोमणि सेन महाराज की जयंती पर शाम 6.30 बजे सेन समाज मन्दिर इमली गली में सेन महाराज का जन्मोत्सव बड़े ही धूम धाम के साथ मनाया गया। इस दिन सभी ने उनकी तस्वीर पर पुष्पमाला अर्पित कर महा आरती का आयोजन किया एवं प्रसादी वितरण किया गया इस मौके पर सेन समाज के वक्ताओं ने अपने विचार भी रखे। अनिल सोलंकी ने किस प्रकार से सेन समाज का उध्दार हुआ इसके बारे में बताया आगे कहा की आने वाले समय में किस प्रकार समाज को एकता में पिरोकर समाज सुधार कार्य किया जाए व समाज मे सामाजिक एकता की मिसाल कायम की जाए।

इस अवसर पर पंडित प्रथम शर्मा, अनिल मारसाहब, अनिल ठाकरे, जितेंद्र वर्मा, सुरेंद्र सोलंकी, अनिल सोलंकी, मनीष सोलंकी, मांगीलाल परमार, अभिषेक सेन, संजू सेन, राजेश सोलंकी, संजू सोलंकी आदि समाजजन उपस्थित रहे। आभार एवं जानकारी गुजराती सेन समाज मध्य प्रदेश प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष सोलंकी ने दी।

## 11 मई से पंडित राघव मिश्रा करेंगे तीन दिवसीय शिव महापुराण

### आयोजन को लेकर तैयारियां का सिलसिला शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

गत दिनों जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के सुपुत्र कथा व्यास पंडित राघव मिश्रा ने अपनी पहली कथा की थी, अब देश के कोने-कोने से पंडित श्री मिश्रा की कथा कराए जाने के आमंत्रण आने लगे है, लेकिन उन्होंने शहर में अपनी पहली कथा बुजुर्गों के मध्य करने का फैसला लिया है और आगामी 11 मई से सैकड़ाखेड़ी जोड़ पर संकल्प वृद्धाश्रम में तीन दिवसीय शिव महापुराण करेंगे।

संगीतमय तीन दिवसीय शिव महापुराण को लेकर श्रद्धा भक्ति सेवा समिति और संकल्प नशा मुक्ति केन्द्र के द्वारा मंगलवार को उज्जैन शनि मंदिर के पुजारी सचिन त्रिवेदी, शहर के प्रसिद्ध पंडित सुनील पाराशर, श्री राधेश्याम विहार कालोनी जितेन्द्र तिवारी, जिला संस्कार मंच के संयोजक मनोज दीक्षित मामा, केन्द्र के प्रभारी नटवर कुशवाहा सहित अन्य कथा स्थल का जायजा लिया। अब बुधवार को विठलेश सेवा समिति के व्यवस्थापक समीर शुक्ला सहित अन्य आगामी 11 मई से होने वाली शिव महापुराण के बारे में रूपरेखा तय करेंगे।

### वृद्धाश्रम में नियमित रूप प्रतिदिन होते प्रवचन और भजन

आगामी 11 मई से होने वाली तीन दिवसीय शिव महापुराण को लेकर यहां पर निवासरत वृद्धजनों में भक्ति और उत्साह का संचार है।




यहां पर मंगलवार की शाम को पंडित श्री पाराशर ने अपने प्रवचन के दौरान कहा कि एक बार राजा परीक्षित अपने राज्य की शासन व्यवस्था देखने के लिए निकले। उन्होंने सबसे पहले एक गाय और बैल को आपस में बातें करते देखा। उसी समय एक काला सा व्यक्ति उसे लात मारने लगा। जिसे राजा परीक्षित छुप कर देख रहे थे। यह देख राजा परीक्षित को क्रोध आया और उसने उस काले व्यक्ति को धमकाते हुए कहा कि तुम उसे क्यों मार रहे हो, मैं राजा हूं और मैं तुम्हें कठोर दंड दूंगा। जिस पर वह राजा के चरणों में गिर गया और अपना परिचय देते हुए बताया कि आप महान धार्मिक राजा हैं और मैं कलयुग हूं। मुझे आपके राज्य में रहने के लिए थोड़ी सी जगह चाहिए। जिस पर राजा ने उसे मना कर दिया। लेकिन अनुनय-विनय करने पर राजा ने कहा कि तुम जहां जुआ खेलते है वहां, मदिरापान होता है, हिंसा होती हो वहीं रहने की आज्ञा दे दी। कलयुग इससे प्रसन्न हुआ। इसी के कारण कलयुग में हिंसा ज्यादा हो रही है। सतयुग में तपस्या से इंसान को मुक्ति मिलती थी। द्वापर युग में यज्ञ से, त्रेता युग में चरण पादुका और कलयुग में मात्र भगवान के नाम लेने से मानव को मुक्ति मिल जाती है।

### समय मिले तो ईश्वर को याद करना चाहिए

पंडित पाराशर ने कहा कि राम के नाम में इतनी शक्ति है कि उनके नाम का जप करते हुए ऋ षि वाल्मीकि और संत तुलसीदास महान ज्ञानी बने। उसके बाद उन्होंने रामायण और रामचरितमानस ग्रंथों की रचना की। शबरी ने भगवान का नाम लेकर उनको इतना मजबूर कर दिया कि वनवास के दौरान उसको स्वयं मिलने के लिए कुटिया पंहुचे। राम का नाम सत्य है, वह मनुष्य को सत्य के मार्ग पर लेकर जाता है। हर धर्म के व्यक्ति को जब कभी समय मिले तो ईश्वर को याद करना चाहिए। भगवान राम का प्रिय भक्त बनना है तो हनुमान के चरित्र से सीख लेनी होगी। क्योंकि हनुमान ने भक्ति में ओत-प्रोत होकर राम-सीता के दर्शन के लिए अपना सीना ही फाड़ दिया था।

### पन्नियों से दुकानें ढक जाने के कारण ग्राहक रहते हैं गफलत में

## अनदेखीः दुकानों के आगे फिर लगने लगी पन्नियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

बाजार में फिर से दुकानों के आगे पॉलीथिन लग रही है जबकि कुछ समय पहले ही नगर पालिका के अमले ने इन्हें सख्ती से हटवाया था। कुछ ऐसे ही बात इन दिनों बाजार में सुनने को मिल रही है।

इनके कारण बाजार के अंदर चार पहिया वाहन नहीं आ पाते हैं। समस्या उस समय विकराल हो जाती है जब आगजनी जैसी घटनाओं में समय पर दमकल भी बाजार के अंदर नहीं जा पाती है। अब मौसम बदलने वाला है, इसलिए इन सड़कों पर पॉलीथिन को लगाने पर प्रतिबंध पर सख्ती होना चाहिए।

अक्सर बारिश और गर्मी के दिनों में दुकानदार दुकानों के सामने प्लास्टिक की पन्नियां बांध देते हैं। धूप और बारिश से बचने के लिए वह यह सब करते हैं, लेकिन इससे जहां सुविधा मिलती है तो उससे अधिक इसके बंधे होने से नुकसान हैं। इसके बाद भी जिम्मेदार सख्ती नहीं कर पाते हैं। कुछ समय पहले नगर पालिका ने सख्ती दिखाते हुए बाजार से इन दुकानों के आगे बंधी हुई पॉलीथिन को हटवा दिया गया था। उस समय तो सब पॉलीथिन हटा ली गई, लेकिन अब गांधी रोड पर फिर से यह दिखाई देने लगी हैं।



नहीं निकल पाते चार पहिया वाहन पॉलीथिन के बंधे होने से इन सड़कों से कोई भी चार पहिया वाहन नहीं निकल पाते हैं। इससे लोगों को समस्या होती है। दिन ही नहीं रात के समय भी यह समस्या दिखाई देती है। दुकानदार एक बार जो इस पॉलीथिन को बांधते हैं तो फिर वह महीनों लगी रहती है।

जुर्माना की कार्रवाई से लगेगी लगाम अभी भी जिस तरह से सख्ती होना चाहिए नहीं हो रही है। जो भी पॉलीथिन बांधता है उस पर सख्त कार्रवाई होना चाहिए ताकि फिर दूसरे दुकानदार भी इस तरह से पॉलीथिन ना बांधे। इन पॉलीथिन से एक बड़ी समस्या यह भी है कि लोगों को यह पता ही नहीं चल पाता है कि कौन सी दुकान में क्या है। हालांकि जो लगातार जाते हैं उन्हें पता रहता है।

खबर संक्षेप

## घर-घर से यज्ञ-हवन का धुआं उठेगा, तभी समाज व देश की स्थिति बदलेगी



**देवास।** आज के संस्कारशून्य वातावरण में हर घर में हवन होना जरूरी है। आज प्रत्येक परिवार में टीवी, मोबाइल के दुरूपयोग के कारण नकारात्मक वातावरण बना हुआ है। परिवार छोटे हो गए, तो मन भी छोटा हो गया है। कई परिवारों में आज के दौर में सामंजस्य नहीं है। परिवार के इस वातावरण को यदि ठीक करना है, तो सप्ताह में कम से कम 1 दिन घर पर हवन किया जाना चाहिए। प्रत्येक घर से जब यज्ञ-हवन का धुआं उठेगा, तभी देश और समाज की स्थिति भी बदलेगी। राष्ट्र का नवनिर्माण होगा।यह विचार पंचमुखी धाम आगरोद के महंत कृष्णगोपाल दास महाराज ने मालीपुरा में 2 से 8 मई तक आयोजित किए गए महायज्ञ की पूर्णाहुति के दौरान बुधवार को व्यक्त किए। उन्होंने कहा, कि आज बच्चों को सुसंस्कृत करना आवश्यक है। बच्चे देखकर सीखते हैं। जैसा हमारा आचरण होगा, वैसा ही बच्चे सीखेंगे। इसलिए प्रत्येक परिवार में धार्मिकता का वातावरण होना चाहिए। हवन, पूजा-पाठ आदि चलना ही चाहिए। नई पीढ़ी को संस्कारवान बनाना ही सच्ची राष्ट्र सेवा है, इसलिए गरुड़दासजी महाराज ध्यान योग साधना एवं सेवा न्यास पंचमुखी धाम आगरोद के तत्वाधान में जगह-जगह संस्कार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उसमें अपने बच्चों को अवश्य भेजना चाहिए।पूर्णाहुति के बाद कृष्णगोपाल दास महाराज, काशी के रघुनाथ दासजी, विजय दासजी, चित्रकूट से पधारे रवि लोचनदासजी, भुवनेश्वर दासजी, स्वामी दामोदरानंदजी, सुखराम दासजी आदि संत-महात्माओं के सानिध्य में श्री लक्ष्मी नारायण भगवान की महाआरती की गई।आयोजन समिति के वासुदेव परमार, राहुल हरोड़े ने बताया, कि राष्ट्रीय सेवक संघ के हुतात्मा सुनील जोशी की तस्वीर भी प्रेरणा स्वरूप पंडाल में विराजित कर उनके शिष्यों द्वारा प्रतिदिन नमन कर यज्ञ-हवन में अपनी भूमिका निभाकर यज्ञ-हवन को सफल बनाया। पूर्णाहुति के बाद शाम को भंडारा किया गया।

### अज्ञात बीमारी से दो की मौत के बाद हरकत में आया स्वास्थ्य विभाग

# राज्य और संभागीय स्वास्थ्य दल पहुंचा गांव

# पानी के भंडारण में मिला एडीज का लार्वा

कम्युनिटी सर्वे में पानी का भंडारण होने से डेंगू होने के कारण और लक्षण पाए गए है, लेकिन अभी यह कह पाना मुश्किल होगा कि बच्चियों की मौत डेंगू से ही हुई हैं



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले की टोंकखुर्द तहसील के ग्राम माधवपुर खेड़ा गांव में फैली बीमारी पर सरकार ने संज्ञान लिया। मंगलवार रात को प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता के.के. मिश्रा ने अज्ञात बीमारी का हवाला देते हुए सीएम मोहन यादव को ट्वीट किया था। जिसके बाद देवास से लेकर भोपाल तक स्वास्थ्य विभाग की टीम हरकत में आई। सीएम को ट्वीट के बाद तुरंत एक्शन लेते हुए इंदौर और भोपाल से जांच दल देवास पहुँचा और जांच शुरू की गई। दरअसल जिले की टोंकखुर्द तहसील के ग्राम माधवपुर खेड़ा में डेंगू या कोई नई गंभीर बीमारी फैलने की सूचना बीते दिनों जिला स्वास्थ्य की टीम को मिली थी, जिसके बाद शिविर लगाकर ग्रमीणों की जांच की जा रही थी,लेकिन दो बच्चियों की मौत के बाद स्वास्थ्य महकमें में हड़कंप मच गया, जिसके बाद स्वास्थ्य टीमें राज्य और सम्भाग स्तर से रवाना की गई।



ग्रामीणों का कहना है कि यहां पर जिन बच्चों की मौत हुई है उन्हें पहले बुखार आया था इसके बाद उन्हें सरकारी और निजी अस्पतालो उपचार के लिए भर्ती कराया गया। इसी तरह गांव के कुछ अन्य बच्चे, महिलाएं भी बुखार और सर दर्द से पीड़ति थे जिनकी शिविर में जांच कर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बुधवार को पहुँची एमजीएम कॉलेज इंदौर की टीम के हेड वीपी गोस्वामी ने बताया कि दो बच्चियों की मौत के बाद में लगातार गांव में निरीक्षण किया जा रहा है और यहां पर कम्युनिटी सर्वे किए जा रहे हैं। जांच दल ने अलग अलग सर्वे किए जिसमे कम्युनिटी सर्वे और लार्वा सर्वे किए गए। बीते 20 अप्रैल से बीमारी की आहट गांव में हुई थी। शुरुआत में 100 से ऊपर मरीजो की प्रतिदिन जाँच की गई।डॉ. गोस्वामी ने बताया कि कम्युनिटी सर्वे में डेंगू का होना पाया गया हैं डेंगू के कई तरह के लक्षण होते है लेकिन अभी यह नहीं कहा जा सकता हैं कि दोनो बच्चियों की मौत डेंगू से हुई है।वही सम्भाग एंटोमोलॉजिस्ट इंदौर और भोपाल से स्टेट की टीम के एपडमोलॉजिस्ट डॉ सरवैया और डॉ शैलेन्द्र सिंह ने 100 से अधिक घरों में जाकर लार्वा के सेम्पल कलेक्ट किए। जिसमे कई जगह लार्वा के सेम्पल पॉजिटिव पाए गए। डॉ.एसी शर्मा ने बताया की पानी मे एडीज का लार्वा मिला है, और उनको नष्ट करने के तरीके ग्रामीणों को बताए जा रहे हैं। औऱ हमारा मुख्य उद्देश्य हैं कि बीमारी आगे बढे न जन जागरूकता की जा रही हैं। 10 से 12 घरों के सेम्पल में 4 घरों में लार्वा पाया गया हैं। लार्वा सर्वे अभी सतत जारी रहेगा।

### स्वास्थ्य विभाग की मेडिकल टीम 24 घंटे रहेगी तैनात



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शिवेन्द्र मिश्रा ने बताया कि देवास जिले के ग्राम माधोपुर में वायरल फीवर के कारण विगत दिनों दो बालिकाओं कि मौत हो गई थी। बुखार और सिर दर्द की शिकायत होने पर इन्दौर और उज्जैन में भर्ती कराया गया था। सूचना मिलने पर कलेक्टर ऋषव गुप्ता के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा निरंतर मरीजों की जांच और उपचार किया जा रहा मरीजों के ब्लड सैंपल लिए गए और संपूर्ण ग्राम में फीवर सर्वे, लार्वा सर्वे और टेमोफास का छिड़काव किया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ. मिश्रा ने बताया कि ग्राम में चिकित्सकीय टीम द्वारा निरंतर कैंप लगाया जा रहा है 04 मई से कैंप लगाकर पूरे ग्राम में सतत स्वास्थ्य सेवा जारी प्रदाय कि जारी है। घर-घर भ्रमण कर मरीजों की सतत निगरानी की जा रही है। गांव में लार्वा सर्वे किया तथा बुखार रोगियों का ब्लड सैंपल लिए जाकर उसकी जांच कराई जावेगी तथा ग्राम के अन्य व्यक्तियों की निगरानी और चिकित्सकीय सेवाएं दी जा रही है एवं ब्लड लाइट बनाई जा रही है। मलेरिया की जांच सतत की जा रही है एवं लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने हेतु स्वास्थ्य शिक्षा दी जा रही है। ग्राम में 175 व्यक्तियों कि जांच कर तहत अभी तक 32 बुखार रोगियों के ब्लड सैंपल लिए गए। जिसमें मलेरिया, डेंगू, चिकनीगुनिया और हेपेटाइटिस बी, सी की जांच कि जायेगी। सीएमएचओ डॉ. मिश्रा ने कहा की अब सभी को सतर्कता और ध्यान देने की आवश्यकता है डेंगू बुखार के लक्षणों में तेज बुखार, शरीर पर दाने, सिरदर्द, मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द, कुछ गंभीर मामलों में रक्तस्राव और सदमा होता है, जो जीवन के लिए खतरा हो सकता है लक्षण हो तो तुरंत ही चिकित्सक को दिखाए और जांच करवाए। डॉ. मिश्रा ने बताया कि कॉलेज इंदौर की टीम में वीपी गोस्वामी की टीम और राज्य स्तरीय टीम में डॉ. सीएस शर्मा, डॉ. सेवीया सालम स्टेट एपिडिमियोलाजिस्ट, डॉ. शेलेन्द्र, क्षेत्रीय संचालक उज्जैन से डॉ. पीपल, डॉ. श्रीवास्तव कि टीम के साथ सीएमएचओ डॉ.शिवेन्द्र मिश्रा ने गांव में भ्रमण कर पीड़ति परिवार और मरीजों और सरपंच जनप्रतिनिधियों से चर्चा की सूक्ष्म निरीक्षण किया।दल के साथ जिला स्तर से सीएमएचओ डॉ मिश्रा, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. रश्मि दुबे, डॉ. जिला स्वास्थ्य अधिकारी एम.एस. गोसर, डीएचईसीओ डॉ. शाहिद शेख, सीबीएमओ डॉ माया कल्याणी सहित अन्य चिकित्सा अधिकारी और स्टाफ उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री का आज देवास में होगा विशाल रोड शो

### बागली में होगी मुख्यमंत्री की सभा



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास/चापड़ा

देवास शाजापुर लोकसभा क्षेत्र में आगामी 13 मई, सोमवार को मतदान होना है। चुनाव प्रचार के अंतिम चरण में भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी है। प्रचार सामग्री, मतपर्ची वितरण के साथ घर घर सम्पर्क कर रहे है। वृहद स्तर पर सामाजिक सम्पर्क किया जा रहा है। भाजपा के सांसद प्रत्याशी महेंद्र सिंह सोलंकी के समर्थन में मतदान से चार दिन पूर्व प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का तूफानी दौरा कार्यक्रम देवास तय हुआ है।

लोकसभा मीडिया प्रभारी शेखर कौशल ने जानकारी देते हुए बताया कि 9 मई, गुरुवार को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव बागली से सड़क मार्ग द्वारा चापड़ा, हाटपीपल्या, नेवरी होते हुए शाम 6 बजे देवास आयेंगे। देवास में मुख्यमंत्री डॉ यादव भाजपा प्रत्याशी महेंद्र सिंह सोलंकी के समर्थन में विशाल रोड़ शो करेंगे। रोड़ शो सोमेश्वर महादेव मंदिर नहार दरवाजा से प्रारंभ होकर नयापुरा, जनता बैंक, सुभाष चौक, नावेल्टी चौराहा, बजरंगपुरा, तहसील चौराहा होते हुऐ सैय्याजी द्वार पर पहुंचेगा। लोकसभा चुनाव के मध्य नजर मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बर 9 मई गुरुवार के दिन मुख्यमंत्री डा मोहन यादव बागली पहुंचेंगे। जहां पर मिनी सभा के साथ ही रोड शो आयोजित होगा।

खंडवा लोकसभा भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में सभा के साथ ही रोड-शो होगा। जिसमें भाजपा संगठन के कई वरिष्ठ पदाधिकारी सम्मिलित होंगे। बुधवार के दिन जिला पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने बागली पहुंचकर युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राम सोनी, मंडल अध्यक्ष टिकेन्द्र प्रताप सिंह सहित भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ हेलीपैड स्थल सहित जिस मार्ग से मुख्यमंत्री का काफिला गुजरेगा उस मार्ग का निरीक्षण किया गया। लोकसभा चुनाव साह प्रभारी कमल यादव ने बताया है कि कई वर्षों बाद बागली में मुख्यमंत्री का रोड शो होगा, मोहन यादव मंत्री पद पर रहते हुए नगर परिषद के शपथ समारोह कार्यक्रम में सम्मिलित हुए थे।इसके बाद मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार बागली आएंगे।

गुरुवार के शाम 4 बजे मुख्यमंत्री बागली पहुंचेंगे, जहां पर मिनी सभा के माध्यम से क्षेत्र की जनता को संबोधित करेंगे। बागली से रोड शो शुरू हो गया जो कि चापड़ा होते हुए, हाटपिपलिया की ओर रवाना होगा। बागली को जिला बनाने का मुद्दा विधानसभा चुनाव के दौरान काफी सुर्खियों में रहा है। लेकिन चुनाव चुनाव संपन्न होने के बाद एवं भाजपा सरकार बनने के बाद बागली को जिला बनाने का मुद्दा ठंडे बस्ती में है। क्या एक बार फिर इस मांग को लेकर जिला बनाओ समिति के लोग मुख्यमंत्री से के समक्ष मांग रखेंगे। हालांकि इन बातों को लेकर क्षेत्र में चर्चाएं भी चल रही है, कि मुख्यमंत्री के समक्ष बागली को जिला बनाने की मांग रखना चाहिए।

### मध्यप्रदेश की राष्ट्रीय बास्केटबॉल टीम में देवास के खिलाड़ी चयनित

**देवास।** जिला बास्केटबॉल संघ सचिव संजय पाटिल ने बताया कि भारतीय बास्केटबॉल संघ के तत्वावधान में दिनांक 8 से 14 मई 2024 तक एमराल्ड हाइट इंटरनेशनल स्कूल इंदौर(मध्यप्रदेश) में 74वी जूनियर राष्ट्रीय बास्केटबॉल स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है जिसमे देश के 28 राज्यो के 1200 खिलाड़ी भाग ले रहे है, उक्त स्पर्धा के लिए मध्यप्रदेश टीम की घोषणा मध्यप्रदेश बास्केटबॉल संघ के सचिव अविनाश आनंद ने की, जिसमे देवास बास्केटबॉल संघ के दो खिलाड़ी, गौतम पाल एवं आयुष यादव का चयन मप्र की राष्ट्रीय जूनियर बास्केटबॉल टीम में चयन किया। उक्त खिलाडि़यों के चयन पर बास्केटबॉल संघ अध्यक्ष मनीष पनवार, जिला खेल अधिकारी हेमंत सुवीर, एन.आई.एस. कोच धर्मेंद्र ठाकुर, रईस खानआदि ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

# होम वोटिंग से बुजुर्ग सजनबाई ने किया मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




लोकसभा निर्वाचन 2024 में हर मतदाता की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। इसके तहत में दिव्यांग और 85 साल से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को घर से ही डाकमत पत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा दी गयी है।

देवास संसदीय क्षेत्र-21 अंतर्गत सोनकच्छ विधानसभा के नगरीय निकाय भौंरासा की करीब 99 वर्षीय बुजुर्ग सजनबाई ने अपने मताधिकार का उपयोग करते हुए होम वोटिंग के माध्यम से मतदान किया। इस संबंध में सजनबाई के पुत्र विष्णुप्रसाद का कहना है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बुजुर्गों एवं दिव्यांगों के लिए होम वोटिंग की सुविधा दी है, वो बहुत ही सराहनीय है। इस सुविधा से बुजुर्गजन एवं दिव्यांगजन घर पर ही वोटिंग कर रहे हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा दी गई इस सुविधा के लिए मैं भारत निर्वाचन आयोग को हृदय से धन्यवाद देता हूं। देवास संसदीय क्षेत्र-21 अंतर्गत देवास, सोनच्छ एवं हाटपीपल्या तथा खंडवा संसदीय क्षेत्र-28 अंतर्गत बागली विधानसभा क्षेत्र के दिव्यांगजनों एवं बुजुर्गों ने होम वोटिंग के माध्यम से अपने मताधिकार का उपयोग करते हुए मतदान किया।

# रंगोली के माध्यम से मतदाताओं को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा




लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए, लगातार मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार के दिन ग्राम पंचायत भीलआमला में बीएलओ जवाहर पाटीदार एवं सचिव भारत राठौड़ द्वारा घर-घर पहुंच कर मतदाताओं को जागरूक किया गया एवं उन्हें शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ दिलाई गई। इस दौरान नगर परिषद बागली में सीएमओ महेश कुमार शर्मा की उपस्थिति में स्वयं सहायता समूह कि सदस्यों द्वारा बागली नगर में घर-घर रंगोली बनाकर मतदाताओं को जागरुक करते हुए शत प्रतिशत मतदान करने के लिए संकल्प दिलाया गया। महेश कुमार शर्मा ने बताया कि लगातार नगर में मतदान के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। बीएलओ जवाहर पाटीदार ने जानकारी देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में अधिक से अधिक मतदान हो, इस उद्देश्य को लेकर लोगों को विभिन्न माध्यम से मतदान के प्रतिजागरूक किया जा रहा है।

### प्रतियोगिता के लिए हुए सीनियर खिलाड़ी के ट्रायल

**देवास।** उत्कृष्ट विद्यालय देवास में 08 मई को देवास जिला पेंचक सिलाट एसोसिएशन द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए खिलाडियों का चयन किया गया। चयनकर्ता अभय श्रीवास ने बताया की 11,12 मई को आयोजित होने वाली दसवीं सीनियर पेंचक सिलाट चैंपियनशिप के लिए सीनियर खिलाड़ी अपने अपने वर्ग समूह में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में चयनित हुए। अभय श्रीवास ने बताया की चयनित खिलाड़ी सौरभ गौतम, ऋषभ जयसवाल,प्रांजल बुडानिया,हर्ष जयसवाल, धैर्य पांडे, गौतम विश्वकर्मा, भूमिका जैन, दिशा रेड्डी, लक्ष्मी मालवीय, जैनब खान, जागृति योगी का चयन हुवा है।

# गौरव ने बढ़ाया बागली का गौरव, प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन




हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

लक्ष्मीबाई शारीरिक शिक्षण संस्थान ग्वालियर (एल एन आई पी ई) ग्वालियर में बी पी ई डी के चौथे सेमिस्टर में अध्ययनरत बागली (आरिया) निवासी जनशिक्षक जगदीश बुन्दड के होनहार व प्रतिभावान सुपुत्र गौरव बुन्दड का मध्यप्रदेश की अंडर -20 फुटबॉल टीम में अपने खेल के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर चयन हुआ है जो एक बड़ी उपलब्धि है।

गौरव आगामी 11 मई से नारायणपुर (छत्तीसगढ़) में आयोजित राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश टीम में सहभागिता कर प्रदेश के लिए खेलेगा। गौरव का चयन निश्चित रूप से बागली नगर व क्षेत्र के लिए गौरव की बात है तथा फुटबॉल खिलाड़ियों के लिए आगे बढ़ने की प्रेरणा है।आपकी इस उपलब्धि पर खेल और पर्यावरण विकास समिति के सम्मानित पदाधिकारियों व सदस्यों सहित क्षेत्रीय विधायक मुरली भंवरा, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि कमल यादव, उपाध्यक्ष आरती विपीन शिवहरे, खेल जगत के साथियों,सरपंच रामचंद्र भूरिया, शिक्षक संघ पदाधिकारी वारिस अली, राकेश नागौरी, जनपद शिक्षा केन्द्र की ओर से बी ई ओ एन एस भंडोले,एन पी सिंह,बी आर सी कय्युम खान,बी ए सी बहादुर सिंह बदुरीया,इन्दर गोठी, संकुल प्राचार्य वासुदेव जोशी सहित सभी साथियों ने बालक-पालक को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की मंगलमय शुभकामनाएं भी प्रदान की है।

### संत शिरोमणि सेन महाराज की नगर के प्रमुख मार्गों से निकली शोभायात्रा

# हजारों की संख्या में शामिल हुए समाजजन, हुआ स्वागत





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

संत शिरोमणि सेन जी महाराज की 724 वीं जयंती के अवसर पर सेन युवा संगठन द्वारा भव्य शोभा यात्रा एवं भण्डारे का आयोजन किया गया।

संगठन जिला अध्यक्ष जीतु चौहान ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सेन जयंती धूमधाम से मनाई गई। जिसके अंतर्गत विविध आयोजन हुए। 7 मई को बस स्टैंड स्थित सेन धर्मशाला में सेनेश्वर महादेव की पूजा-अर्चना व महाआरती के साथ शोभायात्रा प्रारंभ हुई। जो एबी रोड होते हुए जबरेश्वर महादेव मंदिर, पीठा रोड, अलंकार मार्केट, नावेल्टी चौराहा, सुभाष चौक, शालिनी रोड, जवाहर चौक होते हुए पुनः प्रारंभिक स्थल सेन धर्मशाला पहुंचकर सम्पन्न हुई।

शोभायात्रा में समाजजनों को भगवा दुपट्टा ओढाया गया। शोभायात्रा में रथ पर सवार सेन जी महाराज का चित्र, बैण्ड, डीजे, घोडे, बग्गी आदि आकर्षण का केन्द्र थे। समाज के युवा भजनों पर नृत्य करते हुए चल रहे थे। यात्रा में आगे मातृशक्ति ढोल पर नृत्य करते हुए चल रही थी। वहीं पीछे समाज के युवा व वरिष्ठजन शामिल थे। शोभायात्रा का विभिन्न स्थानों पर सामाजिक संगठनों ने पुष्प वर्षा एवं सल्पाहार से स्वागत किया। यात्रा पश्चात सेन धर्मशाला में महाप्रसादी (विशाल भण्डारा) का आयोजन हुआ। जिसमें हजारों की संख्या में समाजजनों ने प्रसादी ग्रहण की।

उक्त इस अवसर पर स्वामी योगेन्द्र भारती, नेता सत्तापक्ष मनीष सेन, अशोक चौहान, राष्ट्रीय कवि जगदीश सेन, नगर अध्यक्ष महेश बोडाने, जिला महामंत्री पंकज वर्मा, कचरूलाल वर्मा, बंशीलाल रेनिवाल, पुरूषोत्तम चौहान, धर्मेन्द्र रेनिवाल, अशोक वर्मा, सेवा युवा संगठन नगर अध्यक्ष राकेश वर्मा, जगदीश गोयल, संतोष वर्मा, रामेश्वर नागेश, रामेश्वर राठौड, राजेन्द्र राठौड, डॉ. अनिल वर्मा मावा, शंकरलाल नागेश, अनिल वर्मा, अजय परमार, डॉ. धीरज वर्मा, सुनील वर्मा, दीपक परमार, रूपेश वर्मा, हेमू वर्मा, जोंटी राठौड, रमेश वर्मा, लाखन वर्मा, प्रेम पवार, गोपाल वर्मा, निलेश सेन, निलेश श्रीवास, गोवर्धनलाल वर्मा, मनोज सेन, गौरव सेन, आशीष वर्मा, सौरभ सेन, शंकर सेन, धीरज सेन सहित बडी संख्या में समाज जन उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

### खाली प्लाटों में घरों का पानी भरा होने से पनप रही गंदगी




**आष्टा।** नगर के अनेक वार्डों में गंदे पानी निकासी के लिए नालियां और नाले नहीं होने से वार्डों में घरों के आसपास खाली प्लाटों में घरों से निकलने वाला पानी जमा हो रहा है। साल भर गंदा पानी जमा रहने से छोटे-छोटे तालाब बन गए हैं। वहीं मच्छरों का प्रकोप बढ़ा हुआ है। जिसके कारण लोगों को बीमारी अपने जाल में जकड़ रही है। इसके बाद भी नगर पालिका पानी निकासी के लिए नालियों का निर्माण नहीं कर रही है। जिससे वार्डों के लोगों में नपा के प्रति आक्रोश बढ़ता जा रहा है। वहीं वार्डवासियों का कहना है कि कई बार इस समस्या से पूर्व में नपा अधिकारियों को अवगत करा चुके हैं। वर्तमान परिषद को जल निकासी व्यवस्था पर ध्यान देना चाहिए। ताकि समस्या का समाधान हो सके। गौरतलब है कि वार्ड क्रमांक 15,16 और 18 के स्थानीय लोग घरों से निकलने वाले गंदे पानी और बारिश के पानी की निकासी के लिए नगर पालिका के अधिकारियों को लगातार नालियों और नाले का निर्माण कराने की मांग करते आ रहे हैं। उसके बाद भी अभी तक वार्डों में नालियों और नाले का निर्माण नहीं हुआ है। जिसकी वजह से वार्डों के खाली प्लाटों में पानी जमा हो रहा है।

कृषि उपज मंडी में हजारों रुपए का भुगतान करने के बाद भी नहीं सफाई

# लापरवाही: बदबू मार रहे मंडी के शौचालय महिनों से नालियों की नहीं हुई साफ-सफाई

सफाई नहीं होने के कारण किसान व व्यापारियों का खड़े होना भी मुश्किल। भवन जर्जर, सुकून से बैठकर भोजन के साथ आराम भी नहीं कर सकते किसान।



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

कृषि उपज मंडी में सफाई को लेकर हजारों रुपए मासिक का बिल का भुगतान होता है और सफाई धरातल पर नहीं होने के कारण मंडी परिसर में चारों ओर गंदगी का अंबार लगा हुआ है। हालांकि किसान सुकून से गंदगी और बदबू के कारण बैठ भी नहीं सकता। शौचालय की हालत यह है कि दूर से ही बदबू आना अंदर शराब की बोतलें के साथ साथ पत्थर और कपड़े आदि गंदगी पड़ी हुई है। ऐसा लगता है कि महीनों से शौचालय की साफ सफाई नही की है। यही हालत नालियों के है। परिसर में बनी हुई नालियां महीनों से सफाई नहीं हुई है। जिसके कारण बदबू उड़ रही है वहीं मच्छरों का आतंक भी बरकरार है।

नालियों में गेहूं चने आदि अनाज गिरकर सड़ जाता है। नालियों की सफाई नहीं होने के कारण किसान व व्यापारियों का खड़े होना भी मुश्किल हो गया है। कई दिनों से नालियों के अलावा परिसर की सफाई नहीं हुई है। शासन ने लाखों रुपए खर्च करके का किसान भवन बनाया ताकि किसान सुकून से बैठकर भोजन के साथ आराम भी कर सके किसान भवन की देखरेख की जवाबदारी मंडी प्रशासन की है। लेकिन देखरेख के अभाव में खंडहर बनता जा रहा है। मंडी में किसान भवन पर काम का नहीं मंडी परिसर में कहने को तो किसान भवन है। जहां कुर्सियां लगी हुई है।

अगर कोई किसान रात रुके तो बिस्तर के साथ साथ लाईट पंखे आदि की व्यवस्था भी है। लेकिन यह सुख सुविधा किसानों को नही मिलती है। अधिकांश कमरे में कबाड़े का सामान भरा है जो कई दिनों से नहीं खुले कमरों की सफाई नही होने के कारण किसान यहां रूकना नहीं चाहता। वो मजबूरन या तो अपनी ट्राली ट्रैक्टर खड़ा कर घर चले जाते है या फिर ट्राली के उपर ही रात गुजारना पड़ती है। किसान भवन की हालत यह है कि अधिकांश पंखे तक बंद है। भवन परिसर में चारों और गंदगी पड़ी हुई है। सुबह से लेकर देर रात तक नशेड़ियों ने अपना अड्डा बना रखा है। मंडी कार्यालय भी सफाई से वंचित, थूकने तक के निशान पड़े कृषि उपज मंडी में मंडी कार्यालय बना हुआ है जहां मंडी सचिव से लेकर तमाम जवाबदार अधिकारी कर्मचारी ड्यूटी करते है। लेकिन यहां भी सफाई का अभाव है।

कई रूम ऐसे है। जिनमें सफाई नही हुई। ऊपर छत पर लगे हुए मकड़ी के जाले हर कहीं कोने पर पान की पिचकारी गुटके के पाउच के साथ साथ हर चाय के डिस्पोजल इस बात का सुबूत है कि मंडी कार्यालय में भी स्वच्छता अभियान का मखौल उड़ाया जा रहा है। जिस कार्यालय में जवाबदार अधिकारी कर्मचारी बैठ रहे है। वहीं पर अगर सफाई नहीं हो रही है तो परिसर की क्या हालत होगी।

## दुकानों में सामान चोरी करने वाला हुआ गिरफ्तार

सोशल मीडिया के जरिए चढ़ा पुलिस के हत्थे




हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर के विभिन्न मोहल्लों में दुकानों पर पहुंचकर दो दिनों से चोरी की वारदात करने वाले व्यक्ति ने नगर के एक धार्मिक स्थल को भी अपना निशाना बनाना चाहा, लेकिन जब वह वहां पहुंचा उस समय काफी संख्या में श्रद्धालु मंदिर के अंदर थे, तो वह भी भगवान के हाथ जोड़कर वहां से खाली हाथ निकल आया।

यह सब सीसीटीवी फुटेज में आने पर सोशल मीडिया के माध्यम से वायरल होने पर पुलिस ने चोर को दबोच लिया। बता दें कि चोर ने एक किराना दुकान पर जाकर दराज में रखे मोबाइल को चुरा लिया। शख्स के चोरी की वारदात करने के सीसी फुटेज जब सोशल मीडिया के माध्यम से नगर में नागरिकों व पुलिस के पास पहुंचे तो एसडीओपी आकाश अमलकर ने मामले को गंभीरता से लेकर तत्काल नगर निरीक्षक रविंद्र यादव को निर्देशित किया और कुछ ही घंटे में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। नगर निरीक्षक रविंद्र यादव ने बताया कि 6 मई को सोशल मीडिया के माध्यम से सूचना मिली कि आष्टा में एक चोर 5 मई रविवार से घूम रहा है।

रविवार को केयर अस्पताल के मेडिकल स्टोर से गो शाला का दान पात्र गुल्लक को चुराकर ले गया ओर सोमवार को बजरंग कॉलोनी में विमल किराना दुकान में दिन दहाड़े घुस कर मोबाइल फोन ले गया। करीब 9 बजे के बीच नेमिनाथ दिगंबर जैन मंदिर साईं कॉलोनी में अन्दर घुस गया था, लेकिन वहां काफी संख्या में लोगों को देखकर चोर भगवान के हाथ जोड़कर निकल गया।

## तेज गर्मी का असर: दिन का पारा पहुंचा 39 डिग्री, सड़कें हुई सूनीं



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

क्षेत्र में पारा का उतार चढ़ाव जारी है। यही वजह है कि इस समय भीषण गर्मी का दौर चल रहा है। हीट वेव के चलते दोपहर में सड़कों पर सूनापन देखने को मिल रहा है। मंगलवार को सुबह से ही मौसम बदलने के कारण सुबह से लेकर दोपहर तक धूप छांव की स्थिति बनी रही। रविवार को 39 डिग्री तापमान रहा जो कि अभी तक का सबसे अधिकतम तापमान है। तेज गर्मी और उमस के कारण भोपाल इंदौर हाईवे सहित अन्य मार्गों पर दोपहर में वाहनों की संख्या कम रही तो वहीं बाजारों में भी सन्नाटा रहा। मई माह शुरू होते ही भीषण गर्मी का दौर भी शुरू हो गया है। लगातार चार-पांच दिनों से गर्मी और उमस से लोग बेहाल हैं। सोमवार को अभी तक की सबसे ज्यादा गर्मी रही व अधिकतम तापमान 39 डिग्री रहा। यह जरूर है कि आसमान में बादल छाए हुए हैं कभी धूप तो कभी छांव हो रही है। दोपहर में तेज गर्मी और उमस का एहसास लोगों को हो रहा है। आने वाले दिनों में तापमान में और भी वृद्धि होने की संभावना है। यहीं वजह है कि इस समय तेज गर्मी के कारण लोग बीमार भी हो रहे हैं तो वहीं लू का शिकार हो रहे हैं। अस्पताल में भी मरीज बढ़ रहे है।

### आधार कार्ड को अपडेट कराना जरूरी

**आष्टा।** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण की अधिसूचना अनुसार सर्वसाधारण को व्यतक्तिगत नवीनतम विवरण से आधार डाटा को अपडेटेड रखना है। जिला प्रबंधक ई-गवर्नेंस ने गत दिवस बताया कि ऐसे व्यक्ति जिन्होंने 10 वर्ष या इसके पूर्व आधार बनवाया था एवं परिवर्तित पते अथवा अन्य जानकारी में अपडेट नहीं किया हो, ऐसे सभी आधार धारकों को व्यक्तिगत नवीनतम विवरण को आधार डेटा में अपडेट कराने का आग्रह है। इस संबंध में आधार धारकों को सुविधा प्रदान करने के लिए, यूआईडीएआई ने अपडेट डॉक्यूमेंट की एक नई सुविधा विकसित की है। इस सुविधा को माय आधार पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन एक्सेस किया जा सकता है या निवासी इसका लाभ उठाने के लिए किसी भी आधार नामांकन केन्द्र पर जा सकते हैं।

## श्यामपुर में शांतिपूर्वक संपन्न हुआ मतदान



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर

श्यामपुर में मतदाताओं में मतदान के प्रति उत्साह देखा गया। सुबह 6:30 से मतदान केदों पर कतारे लगना शुरू हो गई थी। मतदाता अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। श्यामपुर व श्यामपुर के आसपास ग्रामीण अंचलों में भी मतदान के प्रति उत्साह देखने को मिला। सहायक निर्वाचन अधिकारी श्याम नंदन चंदेले, तहसीलदार, पटवारी अनिलघरड़े ने मतदान केदो का निरीक्षण किया श्यामपुर में सातमतदान केंद्रों पर लगभग 75 प्रतिशत मतदान हुआ।

## श्रीलंका और फिलीपींस का 11 सदस्यीय दल पहुंचा सीहोर

**सीहोर।** लोकसभा निर्वाचन-2024 की सभी प्रक्रियाओं को देखने एवं उससे जुड़े विभिन्न चरणों को समझने के लिए श्रीलंका और फिलीपीन्स का 11 सदस्यीय डेलीगेशन भोपाल से सीहोर पहुंचा। इस इन्टरनेशनल डेलीगेशन ने 7 मई को सीहोर जिले के रफीकगंज, धबोटी, जहांगीरपुरा, कांकरखेड़ा, भाउखेड़ी सहित अनेक मतदान केन्द्रों में पहुँचकर मतदान की कार्यवाही को देखा और उसकी सिलसिलेवार जानकारी ली। इस दौरान डेलीगेशन के साथ सहायक कलेक्टर अर्पित गुप्ता ने मतदान की प्रक्रिया के बारे में अवगत कराया। अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि दल को मतदान केन्द्रों के भ्रमण के



दौरान संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया की चरणवार विस्तृत जानकारी दी गयी। इवीएम, वीवीपैट, मतदान दल गठन, मतदान सामग्री वितरण, मॉनिटरिंग, सुरक्षा संबंधी व्यवस्था सहित निर्वाचन संबंधी अन्य प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया। इस मौके पर सीहोर जनपद सीईओ नमिता बघेल तथा इछावर जनपद सीईओ शिवानी मिश्रा उपस्थित रहीं।

## लोकसभा चुनाव के चलते तय रूट पर चलने वाली बसें नहीं पहुंचीं बस स्टैंड, यात्री होते रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आष्टा बस स्टैंड से अपने रूट पर चलने वाली अधिकांश ग्रामीण बसें नदारद रहीं थीं। वहीं सोमवार को भी यही स्थिति बनी रही। इसके चलते बस स्टैंड पर सन्नाटा पसरा रहा। इस कारण से यात्रियों को घंटों भीषण गर्मी के बीच बसों का इंतजार करते हुए देखा गया। वहीं भोपाल से इंदौर चलने वाली बसों में भी कमी होने की वजह से जो बसें आ रही थीं उनमें लोगों को जगह नहीं मिल पा रही थी। चुनाव आयोग ने क्षेत्र की बसों का अधिग्रहण कर रखा है।



बस अधिग्रहण होने से यात्रियों को परेशानी उठाना पड़ी। दिन में कुछ बसें ही आ सकीं। इस दौरान यात्री दिन भर परेशान होते रहे। यह स्थिति चुनाव के बाद तक बनी रहेगी। इस कारण से लोगों को अपने स्तर से निजी वाहनों से ही यात्रा करना पड़ेगी। मंगलवार को सुबह से ही बसें अपने निर्धारित रूप पर नहीं आ सकीं। इस वजह से पूरा यात्री परिसर खाली रहा, लेकिन यात्री प्रतीक्षालय में यात्रियों की भीड़ देखने को मिली। जो अपने रूट पर जाने वाली बसों का सुबह से लेकर दोपहर 12 बजे तक इंतजार में बैठे रहे। हालांकि शुजालपुर, शाजापुर, कन्नौद, हरदा, खातेगांव, सिद्दीकगंज क्षेत्र में दिक्कत हुई। इन रूटों की इक्का-दुक्का बसें ही आईं। जिसमें यात्रियों को पैर रखने की जगह नहीं मिल रही थी। दोपहर के बाद यह बसें भी नहीं चलने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। लोकसभा चुनाव में यात्री बसों के अधिग्रहण होने से सबसे ज्यादा परेशानी ग्रामीण क्षेत्र के मार्गों पर चलने वाली यात्री बसें नहीं होने कारण यात्रियों को उठाना पड़ रही है। क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में दो-दो तीन-तीन घंटा में तो बसें चलती हैं और वहां भी अधिग्रहण होने से यात्रियों को परेशानी उठाना पड़ रही।

चुनाव आयोग के निर्देश पर आरटीओ द्वारा चुनाव के 2 दिन पहले से बसों को खड़ा कर लिया गया है। अब बसों को चुनाव बाद ही छोड़ा जा सकता है। बस कंडक्टर बबलू भाई, सोबाल सिंह ने बताया कि चुनाव आयोग ने बस अधिग्रहण करने कारण कुछ बसें ही आ रही है। यह जरूर है कि बस नहीं आने कारण यात्रियों को परेशान होना पड़ रहा है।

## जावर नगर में वार्डवार में चलाया स्वच्छता अभियान





हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

नगर परिषद जावर द्वारा स्वच्छता को लेकर विशेष अभियान चलाया गया। सफाई दरोगा रोहित चिंतामण ने बताया कि सीएमओ राजेश सक्सेना के दिशा निर्देशानुसार नगर के सभी वार्ड में पूरा सफाई अमला वार्ड की सफाई करेगा।

चिंतामण ने आगे बताया कि मंगलवार को इसी क्रम में वार्ड 10 की विशेष साफ सफाई कराई गई। इस दौरान वार्ड पार्षद मदन विश्वकर्मा, वार्डवासी दिनेश खत्री, सचिन खत्री, फूल सिंह ठाकुर, हेमंत वर्मा, राजा ठाकुर आदि उपस्थित थे। जावर स्वच्छता के विशेष अभियान को लेकर वार्ड वासियों ने सफाई दरोगा रोहित चिंतामण का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। वार्डवार स्वच्छता अभियान को लेकर शिक्षक व समाजसेवी फूल सिंह ठाकुर द्वारा दरोगा रोहित चिंतामण का पुष्पमाला से स्वागत किया गया इस दौरान दिनेश खत्री, सचिन खत्री, हेमंत वर्मा, राहुल वर्मा सहित नगर परिषद के सफाई कर्मी उपस्थित थे।

पक्षियों के लिए उत्कृष्ट विद्यालय के परिसर में पेड़ों पर बांधे सकोरे

# अपील: गर्मी में पंक्षियों की प्यास बुझाने करें इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

भीषण गर्मी को देखते हुए विकास खंड शिक्षा अधिकारी अजब सिंह राजपूत ने उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में पक्षियों को पानी पीने के लिए अनेक पेड़ो पर सकोरे बांधे गए,और प्रतिदिन पानी भरने का भी संकल्प लिया,पर्यावरण संरक्षण के लिए पक्षियों का होना नितांत आवश्यक है राजपूत ने बताया की पक्षियों को पानी पिलाने से जब पक्षी घर के आंगन और बालकनी में आने से घर में सकारात्मक ऊर्जा भी आती है।



पक्षियों को भोजन और पानी देने से कुंडली में यदि राहु-केतु वक्री हैं, तो उनकी स्थिति में सुधार होता है। पक्षियों को पानी देने से आप पुण्य अर्जित करते हैं और अपने पापों का प्रायश्चित करते हैं समस्त ग्रामीण जन और शहरी वासियों से अपील करता हु की अपने अपने घरों में पक्षियों के लिए दाना पानी जरूर रखे। इस मौके पर राजेश कुमार श्रीवास्तव, मुकेश कुमार चित्तौड़ा, गायत्री शर्मा, सीमा बैरागी, लेखापाल मानसिंह वर्मा, जितेंद्र धाकड़, रितिक परमार, सुनील चौहान, संतोष राया, सुजान सिंह मेवाड़ा, हीरा लाल आदि उपस्थित रहे।

## स्कूल में समर कैंप का हो रहा आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शासकीय सीएम राइज मनुबेन उमावि मंडी सीहोर में समर कैंप में आनंदित छात्र छात्राएं हो रहे है। जिला स्तरीय सीएम राइज मनुबेन उमावि मंडी सीहोर में एक मई से लगातार दूसरे वर्ष 13 दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सीएम राइज विधालय के अतिरिक्त अन्य शासकीय और अशासकीय विद्यालयों के लगभग 150 छात्र छात्राएं भाग ले रहे हैं। संस्था प्राचार्य दीपसिंह राठौर ने बताया कि इस केंप हेतु मात्र 10 रुपये पंजीयन शुल्क रखा गया है। तथा तीन विधाएं -आर्ट और क्राफ्ट, डांस और इनडोर गेम्स रखे गए है। प्रारम्भ में सभी को वार्म अप एवं योग संबंधित क्रियाओं का अभ्यास कराया जाता है। तत्पश्चात विभिन्न विधाओं के विशेषज्ञों द्वारा गतिविधियों को संचालित कराया जाता है।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम गुड्डी बाई पिता बद्रीलाल था। जो अब परिवर्तित होकर प्रियंका मालवीय पिता बद्रीलाल है। मैने मेरे सभी दस्तावेजो मे मेरा नाम प्रियंका मालवीय पिता बद्रीलाल करवा लिया है। अतः भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जावे। एवं मेरे सभी दस्तावेजो मे मेरा यही नाम है। प्रियंका मालवीय पिता बद्रीलाल जी निवासी ग्राम गुरूखेड़ी तह. व जिला आगर मालवा म.प्र.

भवदीय
सना उल्लाह खान एडव्होकेट आगर

### दोपहर की तीखी धूप के बाद भी मतदान केंद्रों पर नजर आई लंबी-लंबी कतारें

# उत्साह के आगे फीकी पड़ी सूर्य की तपिश

# राजगढ़ में 76 प्रतिशत मतदान

**छिटपुट घटनाओं को छोड़कर शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुए चुनाव, कलेक्टर-एसपी, सभी एसडीएम सुबह से शाम तक करते रहे मॉनिटरिंग, राजगढ़ नपाध्यक्ष विनोद साहू को पुलिस ने घर में ही किया नजरबंद**


तीखी धूप में भी केंद्रों पर नजर आई लंबी कतारें।


मतदान केंद्रों का सतत भ्रमण करते कलेक्टर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-राजगढ़

राजगढ़ लोकसभा के 18 लाख मतदाताओं ने मंगलवार को अप्रत्याशित उत्साह के साथ लोकतंत्र के पर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। राजगढ़ की पांचों एवं गुना व आगर जिले की तीन इस तरह सभी आठों विधानसभाओं को मिलाकर संपूर्ण लोकसभा में मतदान समाप्ति तक कुल 76 प्रतिशत मतदान हुआ है। तृतीय चरण में राजगढ़ सहित मध्यप्रदेश की 9 लोकसभाओं में चुनाव थे। मतदान प्रतिशत में राजगढ़ लोकसभा ने सभी नौ विधानसभाओं को पीछे छोड़ते हुए बाजी मार ली। कुछेक मामूली घटनाओं को छोड़कर संपूर्ण लोकसभा में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान हुआ है। राजगढ़ में पुरा क्षेत्र के सराय स्कूल में हुए एक विवाद के बाद पुलिस ने राजगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू को मतदान समाप्ति तक उनके ही घर में नजर बंद कर दिया।

उधर, पचोर में पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पंकज यादव को भी दोपहर में पुलिस ने थाने में बैठा लिया। कांग्रेस प्रत्याषी एवं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने बाद में पचोर थाने पहुंचकर इस पर अपनी आपत्ति दर्ज करवाई। इसके साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों को ट्वीट भी किया। राजगढ़ के संकटमोचन कॉलोनी क्षेत्र के मतदान केंद्र पर भाजपा, कांग्रेस के पदाधिकारियों के बीच एक मतदाता की पहचान को लेकर बहसबाजी भी हुई जो तू-तू मै-मै में तब्दील हो गई। अच्छी बात यह रही कि पूरी लोकसभा में शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न हुए। कहीं से भी ज्यादा बड़ी घटनाओं के समाचार नहीं हैं। ब्यावरा और सारंगपुर क्षेत्रों में खासे उत्साह के साथ मतदाताताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। अंतिम समय तक सभी आठों विधानसभाओं में सारंगपुर विधानसभा का मतदान प्रतिशत सर्वाधिक रहा।

## कई जगह हुआ मतदान का बहिष्कार




नरसिंहगढ़ विधानसभा क्षेत्र में कुछ जगह ग्रामीणों ने ओलावृष्टि में नष्ट हुई फसलों का मुआवजा नहीं मिलने पर मतदान का बहिष्कार कर दिया। ग्रामीणों का कहना था कि उन्होने कई बार इसके लिए आंदोलन भी किया परंतु उनकी एक नहीं सुनी गई इसलिए मजबूरन उन्हें यह रास्ता अपनाना पडा। नरसिंहगढ़ विधानसभा के बिरगडी,बाबरोन व कथीरी के ग्रामीणों ने एसडीएम एवं तहसीलदार को बताया की उन्होंने कई बार अपनी बात रखी परंतु किसी ने सुनवाई नहीं की। अधिकारियों ने समझाइश भी दी और मतदान की अपील की परंतु पोलिंग वूथ सूना पड़ा रहा।

### शराब पीकर ड्यूटी करने वाले पीठासीन सस्पेंड



खिलचीपुर विधानसभा क्षेत्र में लोकसभा के चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से कराए गए कहीं कोई विवाद की स्थिति नहीं बनी। मतदान केंद्रों पर मतदाताओं ने बढ़ चढ़कर खूब मतदान किया। सुबह से लंबी-लंबी कतारों में लगकर मतदान किया। ग्राम पंचायत जामुनिया पीठासीन अधिकारी को सस्पेंड किया गया। कारण बताने पर ग्रामीणों ने बताया कि पीठासीन अधिकारी ने शराब पी रखी थी। जिस पर प्रशासन ने एक्शन लेते हुए बालकृष्ण चौहान को सस्पेंड कर दिया है।









## देश निर्माण में अपने मतों की दी आहूतियां

जहां एक तरफ आम जनता में मतदान के प्रति उत्साह देखा गया वहीं लोकसभा क्षेत्र के राजनैतिक दिग्गजों एवं उनके परिवारों में भी अपने मतदाधिकार का प्रयोग कर देश हित में मतदान करते देखा गया। इनमें मुख्य रूप से पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह ,मंत्री जयवर्द्धन सिंह अपनी पत्नि एवं सहित 10 बजकर 30 मिनिट पर मतदान केंद्र राधौगढ पहुंचे, वहीं सांसद रोडमल नागर ने अपने गृहनगर में सुबह 7 बजे मतदान किया। साथ ही राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार ने ब्यावरा एवं पूर्व विधायक राज्यवर्धन सिह ने नरसिंहगढ़ में अपने मताधिकार का प्रयोग किया।





## मतदान से पूर्व दिग्विजय सिंह ने लगाई नर्मदा में डुबकी

लोकसभा चुनाव की वोटिंग शुरू होने से पहले पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह मां नर्मदा को याद करना नहीं भूले। उन्होने कुशलक्षेम के लिए ब्रह्म मुहूर्त में सीहोर जिले में स्थित आंवली घाट पर स्नान कर मा नर्मदा को चुनरी भेंट की ।

### ग्रामीण युवाओं ने भी बढ़चढ़कर लिया हिस्सा


शहर तो क्या इस बार ग्रामीण युवाओं ने भी बढ़चढ़कर मतदान में हिस्सा लेते हुए देश हित में अपना मत दान किया। खजुरिया ग्ारम पंचायत के युवाओं ने मतदान पर चर्चा करते हुए बताया कि हमने राष्ट्रहित में अपना मत दिया है।

### मंत्री टेटवाल ने भी परिवार सहित डाला वोट


सारंगपुर के विधायक एवं राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने भी अपनी परिवार सहित मतदान किया। उन्होने इस मतदान को देश हित में बताते हुए विश्वगुरू की ओर नया कदम बताया।

## सारंगपुर में भी तीन नेताओं को पुलिस ने किया नजर बंद

*__सारंगपुर__। इस बार लोकसभा चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा सभी प्रकार की तैयारी की गई थी। जिला एवं स्थानीय निर्वाचन अधिकारी चुनाव को लेकर लगातार मॉनिटरिंग कर रहे थे। राज्य चुनाव आयोग की और से शत प्रतिशत मतदान कराने के लिए तमाम प्रयास करते हुए सभी मोबाइलों पर एसएमएस भेजे गए। वहीं कांग्रेस भाजपा के पदाधिकारी कार्यकर्ता अपने पक्ष में मतदान कराने के लिए तेज गर्मी में भी दौड़ते-भागते दिखे आचार संहिता के मध्य नगर पुलिस प्रशासन भी लगातार चुनावी क्षेत्रों में गस्त करता दिखाई दिया। स्थानीय निर्वाचन कार्यालय पर सभी मतदान केंद्रों की पल पल की रिपोर्ट मंगाई जा रही थी। छुटपुट कहासुनी के बाद चुनाव में मतदान को प्रभावित करने वाले तीन व्यक्तियों को पुलिस ने थाने बैठाकर नजर बंद किया गया, जिसमें कांग्रेस पार्टी के पार्षद प्रतिनिधि कमरुद्दीन कुरैशी,पार्षद प्रतिनिधि नफीस अली, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला मंत्री जाकिर सैफी को नजर बंद किया था। पुलिस प्रशासन द्वारा उनकी वोटिंग भी कराई गई देर शाम 6 बजे बाद उनको छोड़ो गया। वहीं चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराया गया।*

### खास बातें

- राजगढ़ के गंज स्कूल केंद्र में तीन थर्ड जेंडरों ने किया मतदान।
- पचोर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि पंकज यादव को पुलिस ने थाने में बैठाया।
- कलेक्टर, एसपी, सभी एसडीएम सुबह से शाम तक करते रहे मॉनिटरिंग।
- खासे उत्साहित दिखे युवा वोटर्स, ली सेल्फियां।
- सभी केंद्रों पर दिव्यांगजनों के थी लिए व्हीलचेयर्स की व्यवस्था।
- पिंकबूथों पर सिर्फ महिला कर्मचारियों ने करवाया मतदान।
- शहर की अपेक्षा ग्रामीण अंचलों में था ज्यादा उत्साह।
- देर रात्रि तक जमा होती रही मतदान सामग्री।

### हर 2 घंटे में यूं बढ़ता गया वोटिंग प्रतिशत

| समय | प्रतिशत |
|---|---|
| सुबह 09 बजे | 16.63 |
| सुबह 11 बजे | 34.85 |
| दोपहर 1 बजे | 52.16 |
| दोपहर 3 बजे | 63.69 |
| शाम 5 बजे | 71.78 |
| अंतिम समय तक | 74 |

### विधानसभावार वोटिंग प्रतिशत

| विधानसभा | प्रतिशत |
|---|---|
| ब्यावरा | 75.89 |
| चाचौड़ा | 66.21 |
| खिलचीपुर | 76.44 |
| नरसिंहगढ़ | 74.15 |
| राघोगढ़ | 72.88 |
| राजगढ़ | 77.58 |
| सारंगपुर | 78.75 |
| सुसनेर | 74.90 |

## दोपहर बाद वोटिंग प्रतिशत ने मारी उछाल

*सुबह के समय धीरे-धीरे हो रहा मतदान दोपहर होते-होते और ज्यादा तेज होता गया। पहले कयास लगाए जा रहे थे कि भीषण गर्मी के कारण ग्रामीण अंचलों के लोग संभवतः वोट करने नहीं आएंगे। लेकिन, इन कयासों के ठीक उलट दोपहर 12 के बाद ग्रामीण केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी-लंबी कतारें देखी गईं।*

### तीन थर्ड जेंडरों ने राजगढ़ आकर किया मतदान

*संपूर्ण लोकसभा की आठों विधानसभाओं में कुल 22 थर्ड जेंडर(तृतीय लिंग) मतदाता हैं। इनमें से तीन थर्ड जेंडर मतदाताओं ने ब्यावरा से राजगढ़ आकर मतदान किया। राजगढ़ के गंज स्कूल स्थित केंद्र पर तीनों के नाम दर्ज थे।*


90 वर्षीय बुजुर्ग को गोद में लाया बेटा।


आदर्ष मतदान केंद्रों पर बनाई गई आकर्षक रंगोलियां।



पहली बार वोट डालकर उत्साहित युवा वोटर।


बुजुर्गों, दिव्यांगों के लिए थी व्हीलचेयर की व्यवस्था।

### सीसीटीवी से पकड़ाया चोर, किया पुलिस के हवाल

## इधर, चल रही थी वोटिंग उधर चोर ने मोबाइल पर हाथ मारा

**राजगढ़**। जिल अस्पताल परिसर के विभिन्न वार्डों में मोबाइल, पर्स इत्यादि सामानों की अक्सर चोरियां होती जा रहती हैं। लेकिन, मंगलवार को एक मरीज के मोबाइल को चुराने वाले व्यक्ति की पहचान सीसीटीवी से होने पर सुरक्षा गार्डों ने उसे कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया। जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर से एक व्यक्ति को मोबाइल चोरी हो गया। सिग्मा इन्फोटेक सिक्यूरिटी कंपनी



के कर्मचारियों ने अस्पताल के सीसीटीवी कन्ट्रोल में जाकर वीडीआर खंगाली तो चोर उसमें चोरी करते स्पष्ट नजर आ गया। इसके उपरान्त गार्डों ललित, पवन, रोहित सहित अस्पताल के अन्य स्टाफ ने उक्त व्यक्ति ओमप्रकाश उम्र 25 साल निवासी लक्ष्मणपुरा को कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया।

### इनका कहना

राजगढ़ के मतदाताओं ने बहुत अच्छा उत्साह दिखाकर लोकतंत्र के पर्व में भागीदारी सुनिष्चित की है। इतने दिनों के टीम वर्क और मतदाताओं की वजह से इतना अधिक मतदान प्रतिशत संभव हो पाया।

- हर्ष दीक्षित, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, राजगढ़


कलेक्टर ने सुबह किया मतदान।


पुलिस अधीक्षक ने भी किया मतदान।